अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम से �

NSS Hknahan 11 Mar, 2024

राजकीय महाविद्यालय सराहां की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आज दिनांक 08 मार्च 2024 को महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष पर पधारे मुख्य अतिथि, प्राचार्या, राजकीय महाविद्यालय सराहां, डॉ.अनीता ठाकुर व तमाम महिला शक्ति का स्वागत किया तथा महिला सशक्तिकरण दिवस मनाने के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। विषय को आगे बढ़ाते हुए बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा श्रुति शर्मा व बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा हिमानी शर्मा द्वारा "महिला सशक्तिकरण- लोकतंत्र में भागीदारी द्वारा" विषय पर प्रकाश डालते हुए अपने विचार रखें। उसके उपरांत महिला सशक्तिकरण के लिए चुनौतियां व समाधान विषय पर कार्यक्रम में खुली बहस की गई, जिसमें विभिन्न विद्यार्थियों व अध्यापकों ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. अनीता ठाकुर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि महिलाओं को शिक्षा और आर्थिक सुदृढ़ता के माध्यम से सशक्त बनाया जा सकता है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महोदया व राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी के अतिरिक्त प्रो. जगमोहन ठाकुर, डॉ. सुध्यान नेगी, डॉ. मोल्लम डोलमा, प्रो. सुदेश तोमर, प्रो. कृष्ण दत्त, प्रो. प्रियंका सराव तथा पुस्तकालयाध्यक्ष श्रीमती किरण कांत उपस्थित रहे।